# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 07.02.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, आज, न्यायाधीश, राष्ट्रीय सहारा, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

### अमर उजाला –दि0 07.02.2025

## वरुणा के ग्रीन बेल्ट में अवैध निर्माण सील

वाराणसी। वीडीए की ओर से बृहस्पतिवार को वरुणा नदी किनारे 50 मीटर के अंदर ग्रीन बेल्ट एरिया में नोटिस के बाद अवैध निर्माण कराने पर सील किया गया। सिकरौल वार्ड में भृगु वर्मा की ओर से वरुणा किनारे घौसाबाद में अवैध निर्माण कराया जा रहा था। जिस पर नोटिस दिया गया था। दोबारा काम कराने पर अवैध निर्माण सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। ब्यूरो

### अमर उजाला –दि0 07.02.2025

## संपत्ति रिकॉर्ड सुधार के लिए कैंप आज

**वाराणसी** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक केंद्र में संपत्ति रिकॉर्ड सुधार के लिए एक विशेष कैंप का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा। बृहस्पतिवार को संपत्ति अधिकारी आनंद तिवारी, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश दूबे ने कैंप के प्रचार-प्रसार के लिए अभियान चलाया। सुबह 11 बजे से कैंप लगेगा। वीडीए उपाध्यक्ष ने सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस कैंप का लाभ उठाने के लिए निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित हों। ब्यूरो

## अमर उजाला –दि0 07.02.2025

# ज्यादा मानचित्र के लिए 2 जोन सम्मानित

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बृहस्पतिवार को वीडीए में मानचित्र स्वीकृति के लिए बैठक की। इसमें स्वीकृत मानचित्रों की संख्या और प्राप्त धनराशि पर चर्चा की गई। वीडीए उपाध्यक्ष ने जोन वन और जोन फोर के अधिकारियों को सर्वाधिक मानचित्र स्वीकृति करने के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। जोन टू में 9 मानचित्र स्वीकृत कर 78,73,478 जमा कराए। जोन फोर में 22 मानचित्र स्वीकृत कर 1,20,21,341 रुपये जमा कराए। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 07.02.2025

# जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक केंद्र में संपत्ति रिकार्ड सुधार को कैंप आज

जागरण संवाददाता, वाराणसी : जवाहर लाल नेहरु व्यावसायिक केंद्र का री-डेवलपमेंट होना है। इस व्यावसायिक केंद्र के जर्जर होने के कारण एनबीसीसी के साथ नए सिरे से निर्माण का अनुबंध किया गया है। इसके लिए शुक्रवार को कैंप लगाकर कब्जेदारों, उत्तराधिकारियों का संपत्ति रिकार्ड सुधार और समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

आवंटियों की मृत्यु हो गयी हो, संपत्ति का विक्रय कर दिया गया हो; किरायदारों का देहांत हो गया हो तो सभी का विवरण तैयार हो। मृतकों के वारिसों का नाम प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज किया जाए। संपत्ति अधिकारी आनंद तिवारी, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश दूबे व संपत्ति विभाग के अन्य कर्मचारियों ने कैंप के प्रचार-प्रसार के लिए अभियान चलाया।

**वीडीए जोन एक व चार में सर्वाधिक मानचित्र स्वीकृत :** मानचित्र स्वीकृति में वीडीए के जोन-1 और चार ने सराहनीय कार्य किया है। दोनों जोन में 22-22 मानचित्र स्वीकृत हुए। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने जोन एक के जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, अवर अभियंता प्रिया अग्रहरी, विजय सिंह और जोन-4 के जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता आदर्श कुमार निराला, तथा सोनू कुमार को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। इससे जोन एक में 2,44,99,488 रुपये और जोन चार में 1,20,21,341 के राजस्व की प्राप्ति हुई।

### लैंड यूज की आवश्यकता को समाप्त करें

उपाध्यक्ष ने बैठक कर वीडीए के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानचित्र स्वीकृत करने की प्रक्रिया सरल और सुगम बनाई जाए। सभी प्रकरणों में लैंड यूज रिपोर्ट की आवश्यकता को समाप्त किया जाए। उन्होंने प्राधिकरण के लैंड यूज पोर्टल में गूगल मैप को जोड़ने का सुझाव दिया ताकि सही और त्वरित जानकारी मिल सके।

आज–दि0 07.02.2025

## मानचित्र निस्तारण में अनायास विलम्ब न करें-विप्रा उपाध्यक्ष

### अच्छे कार्य को लेकर जोनल अधिकारी, अवर अभियंता हुए सम्मानित

वीडिए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने गुरूवार को पांचों जोन की प्रगति पर चर्चा करते हुए जोन अधिकारी शिवाजी मिश्र, अवर अभियंता प्रिया अग्रहरि, विजय सिंह, जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता आर्दश कुमार निराला, सोनू कुमार को मानचित्र स्वीकृत कराने को लेकर सम्मानित किया। इन्होंने जोन एक में २२, जोन दो में नौ, जोन तीन में १५, जोन चार में २२ और जोन पांच में ११ मानचित्रों का निस्तारण कराया जिससे विप्रा की आय में बढ़ोत्तरी हुई। उपाध्यक्ष ने बैठक के दौरान बताया कि आपत्ति का निस्तारण १० दिन के अन्दर किया जाये और मानचित्र के स्वीकृती में संबंधित विभागों से सम्पर्क कर उसकी प्रकियां तेजी लाये। लैण्ड यूज मामले में रिपोर्ट मिलने के बाद इसका निस्तारण तत्काल किया जाये। कलर कोडेड जोनिंग मैप और मास्टर प्लान के तहत गूगल अर्थ का उपायोग हो सके। इसके अलावा उपाध्यक्ष ने अन्य बातों की विषय में जानकारी देते हुए अभियंताओं को दिया निर्देश दिया कि मानचित्र निस्तारण अनायाप विलंब न किया जाये जिससे कि भवनस्वामियों को बार-बार चक्कर न काटना पड़े।

## जवाहर लाल नेहरू व्यवसायिक केन्द्र में विप्रा का कैम्प आज

उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर जवाहर लाल नेहरू व्यवसायिक केन्द्र के सम्पत्ति में रिकार्ड सुधार के लिए एक विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प का उद्देश्य समस्या का मौके पर निस्तारण किया जायेगा। यह कैम्प आज सुबह ११ बजे से शुरू होगा। जवाहर लाल नेहरू नगर व्यावसायिक केन्द्र में लोग एकत्र होकर विप्रा से संबंधित सम्पत्तियों का जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक काररवाई कर सकते है।

## न्यायाधीश–दि0 07.02.2025

# उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा जोन.1 और जोन.4 को प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के 'उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग' द्वारा 6 फरवरी को मानचित्र स्वीकृति के सम्बन्ध मे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पांचो जोन के जोनल अधिकारी अवर अभियंता नियोजन एवं आवाप्ति टीम के सदस्यो ने भाग लिया। बैठक मे मुख्य रूप से स्वीकृत मानचित्रो की संख्या और प्राप्त धनराशि पर चर्चा की गई। 'उपाध्यक्ष ने जोन.1 के जोनल अधिकारी श्री शिवाजी मिश्रा अवर अभियंता श्रीमती प्रिया अग्रहरी श्री विजय सिंह और जोन.4 के जोनल अधिकारी श्री संजीव कुमार अवर अभियंता श्री आदर्श कुमार निराला तथा श्री सोनू कुमार को सर्वाधिक मानचित्र स्वीकृति करने के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। "स्वीकृत मानचित्र और प्राप्त धनराशी का विवरण के अनुसार 'जोन.1- स्वीकृत मानचित्र की संख्या 22 प्राप्त धनराशी 2.44.99.488 ;02 करोड़. 44 लाख. 99 हजारए 488 रुपये.'जोन.2 स्वीकृत मानचित्र की संख्या 09 प्राप्त धनराशी रू 78.73.478 ;78 लाख. 73 हजार. 478 रुपये.'जोन.3- स्वीकृत मानचित्र की संख्या 15 प्राप्त धनराशीरू1.38.81.277 ;01 करोड़. 38 लाख.81 हजार. 277 रुपये.'जोन.4स्वीकृत मानचित्र की संख्या 22 प्राप्त धनराशी रू 1.20.21.341 ;01 करोड़. 20 लाख. 21 हजार. 341 रुपये. 'जोन.5 स्वीकृत मानचित्र की संख्या 11 प्राप्त धनराशी 20.52.645 ;20 लाख. 52 हजार. 645 रुपये.'उपाध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्देशों मे प्राधिकरण में मानचित्र प्राप्त होने के बाद उसे जल्द से जल्द स्वीकृत करने के प्रयास किए जाएं। यदि किसी प्रकरण में कोई आपत्ति हो तो उसे एक बार मे हल किया जाए ताकि प्रक्रिया मे कोई देरी न हो।। अवर अभियंता को निर्देश दिया गया है कि वे प्रतिदिन 2.3 मानचित्रों का स्थल निरीक्षण करे। निरीक्षण की प्रक्रिया मे 10 दिन से अधिक का समय नहीं लिया जाए ताकि मानचित्र लंबित न रहें और समय पर स्वीकृत हो सकें। मानचित्र स्वीकृति मे छव्व् ;नगर निगम जलकल अगिन्शम विभाग आवाप्ति और सीलिंग की आवश्यकता को कम किया जाएए जिससे प्रक्रिया तेज हो सके और समय की बचत हो। उपाध्यक्ष ने यह निर्देश दिया है कि सभी प्रकरणो मे लैंडयूज रिपोर्ट की आवश्यकता को समाप्त किया जाए। इस कदम से प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया जाएगा। उपाध्यक्ष द्वारा कलर कोडेड जोनिंग मैप और वाराणसी मास्टर प्लान के तहत गूगल अर्थ का उपयोग करके लैंडयूज की जांच करने के अन्य तरीकों के बारे मे भी जानकारी दी गयी ।उपाध्यक्ष ने वाराणसी विकास प्राधिकरण के लैंडयूज पोर्टल मे गूगल मैप को जोड़ने का सुझाव दिया। ताकि नागरिकों और अधिकारियों को लैंडयूज की सही और त्वरित जानकारी मिल सके।इन निर्देशों का उद्देश्य मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शीए तेज और सुगम बनाना है ताकि नागरिकों को शीघ्र और प्रभावी सेवाएं प्राधिकरण द्वारा दी जा सकें। 'बैठक में नगर नियोजक श्री प्रभात कुमार पांचो जोन के जोनल अधिकारी अवर अभियंता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।'

## न्यायाधीश–दि0 07.02.2025

# वीडीए जोन -1 ने की अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही



वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम मे वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत 6 फरवरी को वार्ड- सिकरौल के अन्तर्गत भृगु वर्मा द्वारा वरुणा किनारे, मौजा - धौंसाबाद, वार्ड-सिकरौल, जिला-वाराणसी में वरुणा किनारे 50 मीटर के अन्दर लगभग 56.00 वर्गमीटर में (बी +peer) पर निर्माण कर पीलर खड़े करते हुए सरियों एवं सटरिंग का कार्य किये जाने पर 30प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा-27, 28 (i) व 28 (ii) के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही की गयी थी, निर्माणकर्ता द्वारा वर्तमान में लगभग (बी+जी)में निर्माण कर बेसमेंट पर पीलर खड़े करने पर उक्त अनाधिकृत निर्माण को सील कर अंतर्गत थाना की सतत निगरानी हेतु सौंप दिया गया ।जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा अभियंता प्रिया अग्रहरी, मौजूद रहे।उपाध्यक्षद्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 07.02.2025

# अवर अभियंता प्रतिदिन दो-तीन मानचित्रों का करें स्थलीय निरीक्षण

**सभी प्रकरणों में लैंडयूज रिपोर्ट की आवश्यकता को किया जाए समाप्त**

**वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बैठक में अफसरों को दिये निर्देश**

**जोन-1 व जोन-4 को प्रदान किया प्रशस्ति-पत्र**

**वाराणसी। (एसएनबी)।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मानचित्र स्वीकृति के सम्बन्ध में बृहस्पतिवार को बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से स्वीकृत मानचित्रों की संख्या और प्राप्त धनराशि पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि प्राधिकरण में मानचित्र प्राप्त होने के बाद उसे जल्द से जल्द स्वीकृत करने के प्रयास किया जाये। यदि किसी प्रकरण में कोई आपत्ति हो, तो उसे एक बार में हल किया जाए ताकि प्रक्रिया में कोई देरी न हो। उन्होंने अवर अभियंता को निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन दो-तीन मानचित्रों का स्थलीय निरीक्षण करें। निरीक्षण की प्रक्रिया में 10 दिन से अधिक का समय नहीं लिया जाए, ताकि मानचित्र लंबित न रहे और समय पर स्वीकृत हो सके। मानचित्र स्वीकृति में एनओसी (नगर निगम, जलकल, अग्निशम विभाग, आवाप्ति और सीलिंग) की आवश्यकता को कम किया जाए, जिससे प्रक्रिया तेज हो सके और समय की बचत हो। उपाध्यक्ष ने यह निर्देश दिया कि सभी प्रकरणों में लैंडयूज रिपोर्ट की आवश्यकता को समाप्त किया जाए। इस कदम से प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया जाएगा। उन्होंने कलर कोडेड जोनिंग मैप और वाराणसी मास्टर प्लान के तहत गूगल अर्थ का उपयोग करके लैंडयूज की जांच करने के अन्य तरीकों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने प्राधिकरण के लैंडयूज पोर्टल में गूगल मैप को जोड़ने का सुझाव दिया, ताकि नागरिकों और अधिकारियों को लैंडयूज की सही और त्वरित जानकारी मिल सके। बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार, पांचों जोन के जोनल अधिकारी, अवर अभियंता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**दो जोन में सर्वाधिक मानचित्र स्वीकृत :** वीडीए उपाध्यक्ष ने जोन-1 के जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, अवर अभियंता प्रिया अग्रहरी, श्री विजय सिंह और जोन-4 के जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता आदर्श कुमार निराला तथा सोनू कुमार को सर्वाधिक मानचित्र स्वीकृति करने के लिए प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया।

**जोन 1 में स्वीकृत मानचित्र की संख्या :** 22 एवं प्राप्त धनराशि 2,44,99,488

**जोन-2 में स्वीकृत मानचित्र :** 09 एवं प्राप्त धनराशि 78,73,478

**जोन-3 में स्वीकृत मानचित्र :** 15 एवं प्राप्त धनराशि 1,38,81,277

**जोन-4 में स्वीकृत मानचित्र :** 22 एवं प्राप्त धनराशि 1,20,21,341

**जोन-5 में स्वीकृत मानचित्र :** 11 एवं प्राप्त धनराशि 20,52,645

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 07.02.2025

# वीडीए ने सिकरौल वार्ड में सील किया अवैध निर्माण

**वाराणसी।** अवैध निर्माण के विरुद्ध वीडीए लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में जाने-1 की प्रवर्तन टीम ने बृहस्पतिवार को सिकरौल वार्ड में मौजा घौसाबाद में भृगु वर्मा द्वारा वरुणा किनारे 50 मीटर के अंदर लगभग 56.00 वर्गमीटर में निर्माण कर पीलर खड़े करते हुए सरियों एवं सटिरंग का कार्य किये जाने पर नोटिस की कार्रवाई की। निर्माणकर्ता द्वारा वर्तमान में लगभग (बी+जी) में निर्माण कर बेसमेंट पर पीलर खड़े करने पर उक्त अनाधिकृत निर्माण को सील कर सम्बंधित थाना की निगरानी में सौंप दिया गया। नोटिस की कार्रवाई के दौरान जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा एवं अभियंता प्रिया अग्रहरी मौजूद रहीं।

## तरुणमित्र न्यूज–दि0 07.02.2025

### आज लगेगा जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक केंद्र में संपत्ति रिकॉर्ड सुधार के लिए कैंप

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक केंद्र में संपत्ति रिकॉर्ड सुधार के लिए एक विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप का उद्देश्य नागरिकों को संपत्ति रिकॉर्ड के सुधार से संबंधित समस्याओं का समाधान प्रदान करना है।

इस संबंध में गुरुवार को संपत्ति अधिकारी आनंद तिवारी, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश दूबे एवं संपत्ति विभाग के अन्य कर्मचारियों द्वारा कैंप के प्रचार-प्रसार के लिए अभियान चलाया गया।ये कैम्प शुक्रवार को सुबह 11 बजे जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक केंद्र में लगेगा।वीडीए ने सभी नागरिकों से अनुरोध करते हुए कहा है कि वे इस कैंप का लाभ उठाने के लिए निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित हों। इस अवसर पर संपत्ति रिकॉर्ड सुधार से संबंधित सभी आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## तरुणमित्र न्यूज–दि0 07.02.2025

### वीडीए वीसी पुलकित गर्ग ने बैठक में बेहतरीन कार्य करने वाले अफसरों को किया सम्मानित

**• कहा मानचित्र लंबित न रहें व समय पर हों स्वीकृत, लैंड्यूज पोर्टल में गूगल मैप को जोड़ने का दिया सुझाव**

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने गुरुवार को मानचित्र स्वीकृति के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर जोन-1 के जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, अवर अभियंता प्रिया अग्रहरी, विजय सिंह और जोन-4 के जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता आदर्श कुमार निराला, तथा सोनू कुमार को सर्वाधिक मानचित्र स्वीकृति करने के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।साथ ही बैठक में मुख्य रूप से स्वीकृत मानचित्रों की संख्या और प्राप्त धनराशि पर चर्चा की गई।

उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बैठक में निर्देश दिया कि प्राधिकरण में मानचित्र प्राप्त होने के बाद, उसे जल्द से जल्द स्वीकृत करने के प्रयास किए जाएं। यदि किसी प्रकरण में कोई आपत्ति हो, तो उसे एक बार में हल किया जाए ताकि प्रक्रिया में कोई देरी न हो। अवर अभियंता को निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन 2-3 मानचित्रों का स्थल निरीक्षण करें। निरीक्षण की प्रक्रिया में 10 दिन से अधिक का समय नहीं लिया जाए ताकि मानचित्र लंबित न रहें और समय पर स्वीकृत हो सकें। मानचित्र स्वीकृति में NOC (नगर निगम, जलकल, अग्निशम विभाग, आवास्ति और सीलिंग) की आवश्यकता को कम किया जाए, जिससे प्रक्रिया तेज हो सके और समय की बचत हो। उपाध्यक्ष ने यह निर्देश दिया है कि सभी प्रकरणों में लैंड्यूज रिपोर्ट की आवश्यकता को समाप्त किया जाए। इस कदम से प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया जाएगा। उपाध्यक्ष ने कलर कोडेड जोनिंग मैप और वाराणसी मास्टर प्लान के तहत गूगल अर्थ का उपयोग करके लैंड्यूज की जांच करने के अन्य तरीकों के बारे में भी जानकारी दी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के लैंड्यूज पोर्टल में गूगल मैप को जोड़ने का सुझाव दिया, ताकि नागरिकों और अधिकारियों को लैंड्यूज की सही और त्वरित जानकारी मिल सके।इन निर्देशों का उद्देश्य मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज और सुगम बनाना है, ताकि नागरिकों को शीघ्र और प्रभावी सेवाएं प्राधिकरण द्वारा दी जा सकें। बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार, पांचों जोन के जोनल अधिकारी, अवर अभियंता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



बेहतर कार्य करने वाले अफसरों को सम्मानित करते वीडीए वीसी पुलकित गर्ग